तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 19 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में बिजली ...



14 कम उत्पादन के बाद भी पूरी हो रही सप्लाई ...



# जिले के एक लाख से अधिक किसानों के खातों में पहुंचे 21 करोड़ 42 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त जारी

▪ कृषि विज्ञान केंद्र झाल में हुआ कार्यक्रम, विधायक ईश्वर हुए शामिल

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त की राशि जारी कर दी गई है। इस योजना के तहत बेमेतरा जिले के एक लाख से अधिक किसानों के खातों में कुल 21.42 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस के मेहदीगंज से इस किस्त को जारी किया, जो कि देशभर के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रतीक्षित घटना थी। पीएम किसान योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपनी खेती संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकें और कृषि की लागत को कम कर सकें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जो तीन किस्तों में दी जाती है। प्रत्येक किस्त 2,000 रुपये की होती है, जिसे सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया जाता है । बेमेतरा जिले में इस योजना का लाभ उठाने वाले किसानों की संख्या काफी अधिक है। इस बार की 17वीं किस्त में जिले के एक लाख एक हज़ार किसानों को कुल 21.42 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे उन्हें खेती के कार्यों में सहायता मिलेगी। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### सरकार की योजनाओं का लें लाभ : ईश्वर

कृषि विज्ञान केंद्र झाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप साजा विधायक ईश्वर साहू सम्मिलित हुये। विधायक साहू ने अपने उद्बोधन में जिले के किसानों को केन्द्र सरकार के सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया एवं जानकारी दी कि भारत सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी सहित पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू, जिला पंचायत सभापति गोवेन्द्र पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, भूतपूर्व विधायक अवधेश चंदेल, सरपंच झाल पिंकी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाएं : शर्मा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कृषि विज्ञान केंद्र झाल बेमेतरा कार्यक्रम में किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुये उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना के अंतर्गत दी जा रही यह 17वीं किस्त निश्चित रूप से किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बनेगी और उन्हें अपने कृषि कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद करेगी। इस योजना का लाभ उठाने वाले किसानों ने सरकार का धन्यवाद करते हुए इस पहल की सराहना की है।

## खबर संक्षेप

### समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा 28 जुलाई को

**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्रामीण अंचल का विशाल समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा का आयोजन 28 जुलाई को होगा। आयोजन समिति के पंकज चौधरी ने यह जानकारी देते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को कांवर यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि काँवड़ यात्रा तीन रास्तों से होकर कमरौद पहुंचेगी। ग्राम मटिया अर्जुदा से टिकरी होते हुए कमरौद, खुटेरी कोटगांव से कमरौद और अरौद लाटाबोड़ से कमरौद बोल बम के जयकारे से गूंजेंगे। उन्होंने कहा कि शिवलिंग पर जलाभिषेक के बाद महाभोग और संगीत उत्सव होगा। श्री चौधरी ने बताया कि समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा लगभग 15 किलोमीटर की होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ के भजन के अलावा शिव भगवान पर आधारित चलित झांकियां व आर्कषक डीजे, ढोल, ताशे के साथ कांवड़यात्रा निकाली जाएगी।

### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में गगन सोनी ने जीता रजत पदक

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में दुर्ग जिला जूडो संघ द्वारा 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 15 जून से 17 जून तक बैकुंठ धाम शार्दापारा कैंप 2 भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में 25 जिले के 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें बालोद जिला जूडो संघ के 7 खिलाड़ी भी शामिल थे। प्रतियोगिता में दल्ली राजहरा एवं बालोद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी गगन सोनी ने अपने वजन ग्रुप में रजत पदक प्राप्त किया। बालोद जिला जूडो कोच के रूप में देवेंद्र भदोरिया सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीजीएम माइंस आर बी गहरवार श्रीकांत सहित खेल प्रेमियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही प्रदेश जूडो संघ की आमसभा में सर्वसम्मति से अरुण द्विवेदी को अध्यक्ष, शंभू सोनी को सचिव एवं आलोक मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### कबाड़ी के गोदाम से तीन ट्रक चोरी का कबाड़ जब्त

**भिलाई।** शहर के चर्चित ललित कबाड़ी के गोदाम में दुर्ग पुलिस ने छापा मारकर तीन ट्रकों में चोरी का माल भी बरामद किया है। पुलिस ने मौके से फरार चल रहे ललित कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि देर रात जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ललित कबाड़ी के गोदाम में छापा मारने के निर्देश दिए थे। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बार ये खबर लीक नहीं होनी चाहिए और ललित कबाड़ी फरार नहीं होना चाहिए। एसपी के निर्देश पर एसीसीयू की टीम छापा मारने पहुंची। टीम ने देर रात जामुल पुलिस को भी बुलाया। इसके बाद दोनों पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने बड़े ही गोपनीय तरीके से ललित कबाड़ी के ऊपर छापा मार कार्रवाई की है। किसी को पता ना चाले इसलिए कार्रवाई देर रात 12 बजे के बाद की गई।

## विरोध

### जिला कांग्रेस ने घटना के विरोध में किया प्रदर्शन, निर्दोषों पर कार्रवाई का लगाया आरोप

# बलौदाबाजार की घटना की सीबीआई से जांच कराए राज्य सरकार : वोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

▪ कहा- 6 माह में पूरी तरह बिगड़ गई राज्य में कानून व्यवस्था

पूरे प्रदेश में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराए जाने के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के सामने गिरौदपुरी धाम की अमरगुफा में जैतखाम में किए गए तोड़फोड़ के मामले में असंतोषप्रद कार्रवाई एवं 10 जून को बलौदाबाजार जिला कार्यालय में हुए हिंसक घटना में निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने संबोधन में कांग्रेसियों का कहना था कि बलोदाबाजार में जिस तरह से भीड़ उग्र हुई, क्या प्रशासन को इसकी पूर्व जानकारी नहीं थी? बड़ी मात्रा में पेट्रोल डीजल इकट्ठा किया गया और शासन प्रशासन मूक दर्शक बना रहा, जिसके कारण जिला कार्यालय जलकर राख हो गया।

वहीं, अब शासन - प्रशासन अनेक निर्दोष लोगों पर कार्रवाई कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि छत्तीसगढ़ की सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह फेल हो चुकी है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 6 महीने में प्रदेश में नक्सली घटना में वृद्धि, हत्या, बलात्कार और लूट की घटना बढ़ी है। कांग्रेस पार्टी किसी भी हिंसक घटना का समर्थन नहीं करती, पर जिस तरह से सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को भी इसमें घसीटा जा रहा है, उसकी कड़ी निन्दा करते हुए पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग करती है। धरना-प्रदर्शन के दौरान साजा ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा ,जितेन्द्र उपाध्याय ब्लॉक अध्यक्ष , गुड्डू जायसवाल, शशिप्रभा गायकवाड,जोगेन्द्र छाबड़ा, जावेद खान, ओम वर्मा ,सुनील नामदेव,पार्षद रश्मि मिश्रा ,राम ठाकुर, धरम वर्मा, परमेश्वर मिरी, हरीश साहू ,छम्मन बघेल, सिद्दीख़ खान, महेंद्र डेहरे,गुलजार अली ,हीरा भारती ,आशीष शर्मा, प्रशांत तिवारी,ओमप्रकाश कश्यप,बहल वर्मा ,ऋषि वर्मा ,शिशिर दुबे, रुबी सलूजा ,बलवंत साहू ,सीताराम यदु, ओमप्रकाश साहू , देवा गर्ग,भागवत दास मार्कण्डेय, सनत राजपूत,अजय शर्मा, बहल राजपूत,भागीरथी यादव,संजू कोशले,संतोष कुमार ,गुलाब दास ,कमल भारती,आयुष ठाकुर ,मिर्चिलाल साहू ,राजकुमार बंजारे, खुबीराम साहू ,तुलसी राम बांधे,महेंद्र डेहरे सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।



### बलौदाबाजार की घटना ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की कलई खोल दी : वोरा

धरना प्रदर्शन के प्रभारी दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बलौदाबाजार में हुई घटना ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की कलई खोल दी है। अनेक निर्दोष लोगों के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है और सरकार असली दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इस मामले की सीबीआई जांच सरकार कराए और निर्दोष लोगों को निःशर्त रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस तरह की यह पहली घटना है, जिसके लिए तत्काल प्रदेश के गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू अध्यक्ष, सुरेंद तिवारी, टी आर जनार्दन, विजय बघेल, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, सनतधर दीवान, सुशील साहू, सुशीला जोशी, रश्मि ताम्रकार व श्री डिंडोरे ने भी सम्बोधित किया। आभार प्रदर्शन ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष लूकेश वर्मा ने किया।

## धान बेचने जा रहे किसान पर चाकू से हमला, मौत

▪ नांदघाट थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज



**बेमेतरा/नांदघाट/नवागढ़।** मंगलवार की आधी रात धान बेचने जा रहे भाठापारा जा रहे किसान पर चार अज्ञात लोगों ने लूटपाट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं, घटना में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। नांदघाट थाने में उक्त अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

दरअसल बीती रात ग्राम हरदीडीह निवासी दूज राम जायसवाल पिता सुकुल जायसवाल अपने गांव के ही साथी महेतरु सिंह पिता मयाराम ध्रुव एवं रघुवेंद्र पिता महेतरू सिंह अपने ट्रेक्टर में 130 कट्टा धान भरवाकर पीछे-पीछे भाठापारा धान बेचने जा रहे थे। तभी रात करीब 1.30 बजे अमलडीहा पुल के पास पीछे से आ रही एक मोटर साइकिल में 04 अज्ञात युवकों ने किसानों की गाड़ी को रोकवाकर दुजराम जायसवाल से 4,500रूपए, मोबाइल फोन एवं गाड़ी की चाबी लूट ली। इस बीच साथी महेतरू ध्रुव पर धारदार चाकू से हमला कर भाटापारा की ओर भाग गए। घायल युवक को तत्काल शासकीय अस्पताल भाटापारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना नांदघाट प्रभारी अलिल चंद चौकी प्रभारी मारो घटनास्थल पहुंचे। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## प्रदेश के चुने हुए सभी सांसद दिल्ली में छत्तीसगढ़ियों को बनाएं निज सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल गठन के साथ-साथ सांसदों से दिल्ली में निज सहायक और स्टाफ रखने के लिए नाम मांगे गए हैं। बीते कुछ दशकों से देखा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों के निज सहायकों के तौर पर अन्य राज्य के लोगों की बहुतायत रहती है। इससे छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिल पाता।



अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक एवं अध्यक्ष डॉ सौरभ निर्वाणी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को पत्र लिखकर कहा है कि विजयी हुए भाजपा सांसदों को अपने ही क्षेत्र के या छत्तीसगढ़ के ही अन्य क्षेत्रों से अपनी सुविधानुसार अपने जानकार परिचित पार्टी कार्यकर्ताओं को ही निज सहायक के तौर पर प्राथमिकता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अन्य प्रांतों के लोकसभा और राज्यसभा के संसद सदस्यों के निज सहायक उनके अपने ही राज्य के रहते हैं, चाहे वो किसी भी दल के हों। अतः राज्य के लोगों की प्रतिभाओं को प्राथमिकता से अवसर दिए जाने की मांग अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा करती है। पत्र में महासचिव लाला भारती, थैलेश झरिया, मोहन वर्मा, राजेश साहू सहित राज्य इकाई के सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।

## विश्व सिकल सेल दिवस आज, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में होगी निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को जिला बेमेतरा के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजन किया जा रहा है । इसमें सभी स्वास्थ्य केंद्रों जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में सिकल सेल की जांच की जाएगी। सिकल सेल धनात्मक पाए जाने पर उनका उपचार किया जाएगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में व्यापक रूप से 40 वर्ष तक के सभी जनों का सिकल सेल स्क्रीनिंग कर उनका उपचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसआर चुरेंद्र ने बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है। अतः माता पिता से बच्चों में भी यह बीमारी हो सकती है। इसलिए विवाह पूर्व सिकल सेल कुंडली मिलान करना आवश्यक है। सिकलसेल एक आनुवांशिक रोग है।

इसमें गोलाकार लाल रक्त कोशिका (हीमोग्लोबिन) हंसिये के आकृति रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। इसके कारण शरीर की सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचने का काम बाधित होता है। ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं । इसलिए समय पर इसका ईलाज बहुत जरूरी है।

### विवाह पूर्व जांच जरूर कराएं

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसआर चुरेंद्र ने बताया कि सिकल सेल की जांच कराने पर हमें पता चलता है कि हमारे शरीर में सिकल सेल की जीन मौजूद है या नहीं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि विवाह के पूर्व सभी जन अपना सिकल सेल जांच अवश्य रूप से करा लें। उन्होंने बताया कि ज़िले में 40 वर्ष तक के कुल 408779 लोगों की स्क्रीनिंग की गयी है। उन्होंने बताया कि ज़िले में कुल 573 सिकल सेल मरीज है एवं 16339 वाहक हैं।

## ग्रामीण अंचल में नेटवर्क ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के कई ग्रामीण अंचल ऐसे हैं, जहां पर इन दिनों स्लो इंटरनेट स्पीड, कॉल ड्राप हर क्रॉस कनेक्शन की समस्या उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गई है। बता दें कि नेटवर्क आज भी गांवों में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं मिलने से अंचलवासी परेशान हैं। लिहाजा बेरला ब्लॉक के ग्राम पतोरा में नेटवर्क व इंटरनेट नहीं चलने से ग्रामीण परेशान हैं। प्रदेश में लगभग सभी वर्ग के छोटे बच्चे से लेकर बड़ों तक कि मोबाइल व इंटरनेट संबंधित इलेक्ट्रॉनिक मशीन चला रहे है। इसकी अत्यधिक उपयोगिता से इंटरनेट स्पीड व नेटवर्क की समस्या से आमजन को इस तरह की समस्या से दिन में कई बार जूझना पड़ रहा है। वहीं, नेटवर्क की तलाश में लोग छत व अन्य स्थान की ओर जाते हैं, ताकि नेटवर्क व इंटरनेट चला सकें। ग्राम पंचायत पतोरा सरपंच मोहित साहू का कहना है कि ग्राम से 6 किलोमीटर की दूर पर ब्लॉक मुख्यालय बेरला लगे हुए है। जिनके बाद भी अक्सर नेटवर्क की समस्या बन रहती है। इसके कारण आये दिनों दिन कॉल ड्रॉप का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा कई बार फोन से पूरी बात ही नहीं हो पाती है। कहीं जरूरी बात करनी हो तो काल करते करते थक जाएंगे, लेकिन नेटवर्क प्रभावित होने पर कॉल जरूर कट जाती है।



### योजनाओं का लाभ लेने में आ रही परेशानी

सोशल मीडिया के इस दौर में शासन प्रशासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। इसके अलावा महतारी एक्सप्रेस, संजीवनी 108, एम्बुलेंस, पुलिस थाना 100 डायल की जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को नेटवर्क की तलाश में भटकना पड़ता है। वहीं, कई कंपनी के सिम अंचल में चलने वाली जिनका उपयोग करते हैं, उनके भी नेटवर्क व नेट नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान हैं। अधिकतर लोगों को दूरसंचार कंपनियों के स्थानीय कार्यालयों तक की जानकारी नहीं हो पाती और ले-देकर उन्हें कंपनियों के स्टोर के बारे में ही पता होता है। लेकिन, ऐसे ग्रामीण हैं जहां नेटवर्क व इंटरनेट की सुविधाओं से अभाव आमजन के लिए समस्या बन गई है। अंचल के ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस समस्या से तत्काल राहत दिलाने की मांग की है।

## कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में लोकनिर्माण विभाग और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिए। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित करने एवं सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी।

लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जहां के जानवर सड़क पर आ जाते हैं और दुर्घटनाएं होती हैं, वहां सुरक्षित ड्राइविंग के लिए साइन बोर्ड लगाया जाए ताकि होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके। जिलाधिश ने सड़क सुरक्षा के दृष्टि से की जाने वाली प्रवर्तन कार्रवाई जैसे वाहनों में बैकलाइट, हैडलाईट एवं इण्डीकेटर, दो पाहिया वाहनों में हैलमेट का प्रयोग, चार पाहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग तथा व्यवसायिक वाहनो / ट्रेक्टर ट्रालियों में रेफेटर के प्रयोग के सम्बन्ध में पुलिस परिवहन विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाये।



### लोगों को दें यातायात के नियमों की जानकारी : एसपी

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। परिवहन-पुलिस को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में कलेक्टर एवं एसपी द्वारा जिले में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा प्री मानसून सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, वर्षाऋतु से पूर्व कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### प्रभारी मंत्री कश्यप ने वर्षा पूर्व की नगर निगम की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर वर्षा पूर्व जलभराव तथा नालों के जाम से निपटने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है एवं बाढ़ आपदा से बचने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 70 वार्डों के नालों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। यदि जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो तो इससे निपटने के लिए भी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जोन के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा जोन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रखी जाए। निगम के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि आपदा की स्थिति में सहायता के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करने के लिए आपातकालीन व्यवस्था की गई है। इसके लिए दूरभाष नंबर भी जारी किए गए हैं। निगम की ज्वाइंट टीम तैयार कर ली गई है, जिसमें आपातकालीन व्यवस्था की गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का मुख्यालय मोटर कर्मशाला कार्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास रायपुर में बनाया गया है।

### कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 19 जून को दोपहर 3 बजे मंत्रालय में होगी। चुनाव आचार संहिता लगने के पहले 6 मार्च को कैबिनेट हुई थी। तीन माह बाद हो रही कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।
बैठक में राज्य सरकार विभिन्न विभागों में होने वाली भर्तियों को मंजूरी दे सकती है। साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों के संबंध में चिभागीय मंत्रियों से चर्चा की जाएगी। वहीं चालू खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर मानसून की स्थिति और खेती किसानी की समीक्षा होगी। कृषि और मार्कफेड विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर समितियों में खाद बीज के वितरण और भंडारण की स्थिति पर विचार किया जाएगा। बताया जाता है कि राज्य में बनाए जाने वाले गौ अभयारण्य को लेकर भी बनी कार्ययोजना को मंजूरी दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 जून को रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को नमन किया है। श्री साय ने कहा कि झांसी की रानी ने मातृभूमि के गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वे सच्चे अर्थों में वीरांगना थीं। रानी लक्ष्मीबाई शौर्य, पराक्रम, साहस की प्रतिमूर्ति और नारी शक्ति की मिसाल हैं।

## पेज 11 के शेष

### जिले के एक लाख ...

यह राशि किसानों के खातों में सीधे जमा की गई है, जिससे पारदर्शिता और त्वरितता सुनिश्चित होती है। कृषि विज्ञान केंद्र झाल बेमेतरा में ज़िले के तक़रीबन 1500 किसान वर्चुअल कार्यक्रम के ज़रिए जुड़े। सरकार किसानों के कल्याण और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम किसान योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक स्थिरता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपने कृषि कार्यों को बिना किसी वित्तीय दबाव के सुचारू रूप से चला सकें। सरकार अन्य कृषि सुधारों और योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य पर भी काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों के हित में काम कर रही हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें समर्थन प्रदान कर रही हैं।

### सरकार की योजनाओं ...

वर्मा, पार्षद नीतू कोठारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि ओम प्रकाश जोशी उपस्थित रहे।

# रागी के लिए न फंड जारी न ही किसानों ने दिखाई रुचि, इसलिए खेती भी शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पहले साल 2021 में रागी के करीब 100 हेक्टेयर रकबा में खेती कर फसल का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य की तुलना में करीब 55 एकड़ रकबा में ही फसल हो पाई थी। इसके दूसरे वर्ष 2022 में खेती का रकबा घटकर सीधे 16 हेक्टेयर में पहुंच गया, जो तीसरे वर्ष 2023 में यह 2 हेक्टेयर में सिमट कर रह गया था।

चौथे वर्ष 2024 में हालात यह हैं कि रागी की खेती शून्य हो गई है। इसका कारण रागी के लिए न ही केंद्र व राज्य सरकार से कोई फंड जारी हुआ है और न ही इस बार किसानों ने खेती के लिए कोई रुचि दिखाई है।

### 3578 रुपए समर्थन मूल्य एवं 6 हजार अनुदान राशि

रागी अनाज से होने वाले फायदे को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी खेती को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में इसे शामिल किया है। इस खेती में किसानों को धान की तुलना में समर्थन मूल्य ज्यादा है। रागी का उत्पादन बढ़ाने किसानों को प्रति एकड़ समर्थन मूल्य 3578 रुपए के अलावा 6 हजार रुपए का अनुदान भी दिया जाता है। इसमें केंद्रांश का 60 प्रतिशत एवं राज्यांश का 40 प्रतिशत है। इस योजना के तहत ज्यादातर रागी की फसलें प्रदर्शनी करने लगाई गई थीं, वहीं स्वयं से फसल लगाने वाले किसानों ने एक एकड़ से बहुत कम रकबा में इसकी खेती की थी। इस तरह स्वयं से फसल लगाने वालों को फसल के अनुसार अनुदान की राशि तो मिली, लेकिन एक एकड़ से कम में फसल लगाने के कारण समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को नहीं मिल पाया।



**इस साल फंड जारी नहीं**

रागी फसल के लिए इस साल फंड अब तक जारी नहीं हुआ है। 55 हेक्टेयर रकबा में खेती लक्ष्य का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन मंजूरी नहीं मिली है।

- राजेंद्र कश्यप
उप संचालक
कृषि विभाग, रायपुर

### बाजार उपलब्ध नहीं, इसलिए रुचि नहीं लेते किसान

रायपुर जिले में रागी का उत्पादन अब तक बहुत कम किसानों ने किया है। इसका सबसे बड़ा कारण जिले में रागी की फसल बेचने के लिए शासन ने कोई बाजार उपलब्ध नहीं कराया है। रागी का उत्पादन करने वाले किसानों को फसल बेचने के लिए बिलाईगढ़ जाना पड़ता है। धान के समर्थन मूल्य से रागी का जरूर ज्यादा है, लेकिन जिले में बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान इसकी खेती करना नहीं चाहते।
**ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा भी महंगा :** रागी की फसल खरीदने के लिए रायपुर के किसानों को बिलाईगढ़ जाना पड़ता है, जिसके कारण ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा उन्हें ज्यादा देना पड़ता है। धान का समर्थन मूल्य 31 सौ प्रति क्विंटल है, वहीं रागी का 3578 रुपए है।

## बैठक : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# शासकीय कार्यों में कसावट और गति लाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासकीय कार्यों में कसावट और गति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को आम जनता के हित में शासकीय कार्यों का संपादन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आचार संहिता लागू होने के कारण रूके हुए लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत, सिचाई, कृषि, लोक निर्माण विभाग, सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सीएमओ व जिलाधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधीश ने कृषि विभाग से जिले में खाद बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली उन्होंने कहा कि कृषि संबंधित किसी भी किसान को खाद की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जैविक खेती, यूरिया, डीएपी, एनपीके आदि खाद के आवक, भंडारण और वितरण, मानक और अमानक बीज, केसीसी आदि के साथ खाद के डबल लॉक सिस्टम संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। इसी प्रकार शिक्षा विभाग कि समीक्षा करते हुए कहा कि 26 जून को आगामी नए शिक्षा सत्र के शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी की समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा की अगामी दिवसों में स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने वाला है इसकी सभी तैयारी समय से पहले पूर्ण कर लें। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की नए शैक्षणिक सत्र की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर ने स्कूलों के निर्माणाधीन भवन, शौचालय, भवन मरम्मत, आदि सुधार व्यवस्था की जानकारी लेते आगामी नए शिक्षा सत्र के लिए स्कूलों एवं छात्रावासों में साफ-सफाई करने के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने आबकारी विभाग को जिले में चल रहे अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही ढाबा में निरीक्षण करने को कहा। आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब ब्रिकी पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई एवं निगरानी की जा रही है। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी अधिकारी से पशु तस्करी एवं जिले में पशु बाजार के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्था में करें सुधार

कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से 19 जून को होने वाले सिकलसेल कार्यक्रम की समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने सीएमएचओ को कार्यक्रम की साथ ही सीएमएचओ को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा ताकि योजना का लाभ ले सकें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर को उपलब्ध रहने को कहा ताकि इमरजेंसी परिस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। जिलाधीश ने जिले में फैल रहें मौसमी बीमारी जैसे डायरिया के रोकथाम के लिए जिले में चलाये जा रहें जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी ली, उन्होंने कहा की सभी आमजनों तक मौसमी बीमारी के रोकथाम और जागरूकता लाये।

### 3 में कर लें बचे हुए धान का उठाव

कलेक्टर ने खाद्य एवं मार्कफ़ेड विभाग को 3 दिवस के भीतर बचे हुये धान का उठाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्यान्न भंडारण और उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण के वस्तु स्थिति पर समीक्षा की गई। इसके साथ ही बचे हुए लोगों के ई केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। राशनकार्ड के नवीनीकरण के संबंध में भी जानकारी ली गई, जिसमें नवीनीकरण के लिए बचे हुए राशन कार्ड को शीघ्र पूर्ण करने के लिए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार उन्होंने जाति प्रमाणपत्र, महतारी वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, धान के उठाव की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, लंबित राजस्व प्रकरणों, जनदर्शन में लंबित प्रकरणों आदि पर विस्तार से समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद जिलाधीश ने समाज कल्याण विभाग से 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की और आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कृषि उपज मंडी में आवश्यक बैठक व्यवस्था और सम्पूर्ण तैयारियां 20 जून तक पूर्ण करने को कहा।

## ऐसी व्यस्तता... 3 मार्च को हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा, अब तक मॉडल उत्तर ही जारी नहीं कर सका व्यापम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छात्र जहां प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं की तैयारियों में व्यस्त हैं तो वहीं व्यापम भी इन दिनों इतना अधिक व्यस्त है कि मार्च में हुई भर्ती परीक्षा का मॉडल आंसर अब तक जारी नहीं किया जा सका है। व्यापम ने छत्तीसगढ़ बिजली विभाग में सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के रिक्त पदों के लिए 3 मार्च को परीक्षा ली थी। परीक्षा हुए तीन माह से अधिक हो चुके हैं, लेकिन व्यापम अभी तक इसके मॉडल आंसर ही जारी नहीं कर सका है। सामान्यतः परीक्षा होने के सप्ताह भर अथवा पखवाड़े भर में ही व्यापम द्वारा मॉडल आंसर जारी कर दिए जाते हैं।

व्यापम द्वारा इस संदर्भ में कोई तिथि निर्धारण भी नहीं किया गया है। इस देरी के कारण परीक्षार्थियों को अत्यधिक मानसिक तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर कुंजी जारी न होने के कारण वे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन नहीं कर पा रहे हैं और आगे की प्रक्रिया में होने वाले संभावित परिवर्तनों के बारे में भी अनिश्चित हैं। मॉडल आंसर जारी होने के बाद व्यापम द्वारा दावा आपत्ति मंगाई जाएगी। निराकरण के बाद ही अंतिम परिणाम जारी होंगे।


**प्रति सप्ताह आयोजित हो रही परीक्षाएं :** व्यापम के अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा पश्चात आचार संहिता लागू हो गई। आचार संहिता हटते ही व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया। इन व्यतताओं के कारण मंडल द्वारा मॉडल आंसर जारी नहीं किए जा सके। लिमिटेड ऑफिसर और स्टाफ के कारण व्यापम अब तक इसकी तैयारी नहीं कर सका है।

### पीपीटी के प्रवेश पत्र जारी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीटी का आयोजन राज्य के 32 जिला मुख्यालयों में 23 जून सवेरे 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र 17 जून से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** एवं **https://vyapa-maar.cgstate.gov.in/** एवं चिप्स की वेबसाइट **http://cgstate.gov.in** पर उपलब्ध लिंकों में से किसी भी लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं और अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं।

## मोदी की गारंटी पर अमल करने कर्मचारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए देय तिथि से स्वीकृत करने, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की है।

■ वित्तमंत्री ने शीघ्र पहल करने दिया ठोस आश्वासन

फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने वित्तमंत्री को मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिन करने, प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग शिथिल करने जैसे ज्वलंत मुद्दे से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया था। इन मांगों के समर्थन में डॉ. रमन ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था। फेडरेशन ने वित्तमंत्री के विजन 2047 के तहत मांगे गए सुझाव पर नवा रायपुर में बसाहट के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रियायती दर पर जमीन देने मांगपत्र भी सौंपा। वित्तमंत्री ने इस पर शीघ्र पहल करने का आश्वासन भी दिया। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल में बीपी शर्मा, सतीश मिश्रा, राजेश चटर्जी, आरके रिछारिया, पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन, उमेश मुदलियार, अविनाश तिवारी, ऋतु परिहार आदि शामिल थे।

## बैज ने कहा- बृजमोहन को मंत्री पद से बर्खास्त करें सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मंत्री पद से इस्तीफा नहीं देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बृजमोहन अग्रवाल को बर्खास्त कब करेंगे? सांसद का चुनाव जीतने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक पद से इस्तीफा दिया है। नैतिकता का तकाजा है कि वे विधायकी के साथ मंत्री पद से भी इस्तीफा दे देते, लेकिन उन्होंने मंत्री पद के लालच में सारी नैतिकता को धता बता दिया है।

■ नैतिकता होती तो विधायकी के साथ मंत्री पद भी छोड़ देते- बैज

उन्होंने कहा, कोई व्यक्ति बिना विधानसभा का सदस्य रहते हुये भी 6 माह तक मंत्री पद धारित कर सकता है, उसे 6 माह के अंदर सदन का सदस्य निर्वाचित होना होता है। बृजमोहन के मामले में स्थितियां अलग हैं। उन्होंने सांसद निर्वाचित होने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दिया है। यहां पर 6 माह के अंदर सदस्य के निर्वाचन की अपेक्षा वाली बात नहीं है। अतः संवैधानिक प्रावधानों की आड़ लेकर मंत्री पद पर बने रहना उचित नहीं है। कांग्रेस पार्टी राज्यपाल से भी मांग करती है कि यदि बृजमोहन मंत्री पद से स्वयं इस्तीफा नहीं देते या मुख्यमंत्री उनको नहीं हटाते हैं, तो राज्यपाल स्वयं उनको मंत्री पद से बर्खास्त कर एक नजीर प्रस्तुत करें।

## विजन 2047 का रोडमैप बनाने की तैयारी, सरकार ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र में नई सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी विभागों के साथ मैराथन बैठक कर रहे हैं। साय सरकार को 6 महीने पूरे हो गए हैं, साथ ही विजन 2047 को लेकर रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विजन 2047 को लेकर काम शुरू कर दिया है। आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरुआत हो गई है।

■ आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरू

राज्य सरकार ने सभी मंत्रियों और विधायकों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने 30 जून तक सुझाव मंगाए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल



मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार किया जा रहा है। इसका जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। आयोग इस संबंध में सभी विभागों व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श भी कर रहा है। छत्तीसगढ़ स्टील और सीमेंट उत्पादक होने के साथ ही कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और टिन जैसी बहुमूल्य खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है। यहां के विकास में कैसे बेहत्तर उपयोग करें, इस पर भी विचार किया गया।

### एक नवंबर को जारी होगा डाक्यूमेंट

राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को विजन डाक्यूमेंट 2047 जारी किया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय बैठक में सभी विभागों से सुझाव आमंत्रित करने की प्रक्रिया जारी है। इसमें वन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना, यातायात, खेल, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, आदिवासी क्षेत्रों में विकास, जनजाति विकास, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, धर्मस्व एवं संस्कृति आदि विभागों से सुझाव मिलना शुरू हो चुका है।

### आम जनता से भी मांगे गए सुझाव

विजन 2047 को लेकर किस तरह से विकास कार्यों का चिन्हांकन हो, साथ ही संसाधनों का उपयोग कैसे हो कि राज्य के लोगों को इसका लाभ मिले। योजनाओं के माध्यम से उनका जीवन स्तर उपर उठाया जा सकता है, ऐसे विषयों पर सुझाव दे सकते हैं।

## निजी अस्पतालों के स्पष्टीकरण में खेद भी, रिपोर्ट तैयार, कुछ पर कार्रवाई तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना से मरीजों के इलाज के मामले में कुछ और अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई होने की संभावना है। अनियमितता की शिकायत पर पेश किए गए दस्तावेजों की जांच कमेटी ने पूरी कर ली है। नोटिस के दौरान अस्पतालों ने अपना स्पष्टीकरण के साथ मामले में खेद भी प्रकट किया था। सूत्रों के अनुसार जिन 28 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था, उन्होंने ओपीडी के मरीज को गंभीर दिखाकर आईसीयू में इलाज किया था। इसमें कुछ अस्पतालों ने यह गलती बार-बार दोहराई थी। ऐसे अस्पतालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के तैयारी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई क्लेम राशि को निरस्त करने के साथ जुर्माना तक हो सकता है।




### दुर्ग व राजनांदगांव के दो पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी

स्टेट नोडल एजेंसी ने जून के शुरुआती दिनों में इस गड़बड़ी के नाम पर दुर्ग और राजनांदगांव के दो पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी और 28 को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। अस्पतालों ने अपने जवाब के साथ मरीजों के इलाज से संबंधित दस्तावेज भी सौंपे थे। इस दौरान उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया था, उसमें कई अस्पतालों ने खेद भी प्रकट किया था। इन दस्तावेजों की स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने जांच की और रिपोर्ट तैयार कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी है। स्टेट नोडल एजेंसी के उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी के अनुसार रिपोर्ट आला अधिकारियों के समक्ष पेश की जाएगी, जिसके आधार पर उन्हीं के द्वारा फैसला लिया जाएगा।

## राज्य बनने के बाद हुए पांच चुनाव में जीत कर सदन में पहुंचे

# छग बनने के बाद पहली बार सदन में नहीं होंगे बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पिछले छह विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में बतौर विधायक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले .बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद विधायक पद से सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को इस्तीफा दे दिया। राज्य बनने के बाद यह पहला मौका होगा कि वे छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदन में नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य बनने के बाद हुए पांच विधानसभा चुनाव में लगातार चुनाव जीतकर विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। राज्य बनने के दौरान विपक्ष में रहे और जनहित के मुद्दों में अपनी बात प्रमुखता से उठाते रहे। 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत के साथ जीत दर्ज की, सरकार बनने पर बृजमोहन अग्रवाल कैबिनेट मंत्री बने। उसके बाद



लगातार दो चुनावों में भाजपा ने सरकार बनाई उसमें भी वे कैबिनेट मंत्री रहे। रमन सरकार में वे लगातार 15 साल तक कैबिनेट मंत्री के पद पर काम करते हुए विभिन्न विभागों का दायित्व संभाला। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला, तब भी बृजमोहन अग्रवाल विधायक के रूप में सदन में रहे। 2023 के चुनाव में विष्णुदेव सरकार बनने पर उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया। पार्टी ने विधायक के तौर पर उनके सुदीर्घ अनुभव को देखते हुए 2024 में लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा से चुनाव लड़ाया। उन्होंने प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीतकर सांसद चुने जाने के 14 दिन बाद विधायक का पद छोड़ा। अब उनकी कमी सदन में खलेगी।

### आठ बार रहे विधायक

बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पांच बार विधायक रहे, उसके पहले वे मध्यप्रदेश विधानसभा के तीन बार सदस्य रहे। वे ऐसे पहले विधायक थे जिन्होंने राज्य बनने के बाद से विधानसभा के हर सत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के कारण उनका पार्टी में अलग मुकाम है। मध्यप्रदेश के विधानसभा में पटवा सरकार के समय पहली बार उन्हें मंत्री बनाया गया था।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बालोद/सिकोसा।** भाटागांव (बी) निवासी सुशीला साहू 27 वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वह अपने घर में काम कर रही थी। इसी दौरान सुबह लगभग 10 बजे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश की जानकारी मिलने पर प्राथमिक उपचार जड़ी-बूटी एवं झाड़ फूंक से इलाज कराने के लिए उनके परिवार वाले उन्हें ग्राम भोथली लेकर गए। लेकिन, उनकी हालत खराब होने पर जिला चिकित्सालय बालोद लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम भाटागांव में किया गया।

### माता कर्मा कॉलेज गुण्डरदेही में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**गुण्डरदेही।** नगर के माता कर्मा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही में बीए प्रथम वर्ष हिंदी साहित्य, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, बीकाम प्रथम वर्ष एवं बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 18 जून से 31 जुलाई तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि 18 जून से 31 जुलाई के बीच प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। यह सुविधा नजदीकी कंप्यूटर सेंटर्स एवं महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में भी उपलब्ध है। इस वर्ष महाविद्यालय में सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाई की जाएगी, इससे छात्र-छात्राओं को विषय की पढ़ाई करने में अधिक सुविधा मिलेगी और वे अच्छे अंक प्राप्त कर सकेंगे।

### आत्मानंद स्कूल की रिक्त सीटों के लिए आवेदन 25 तक

**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा में प्रथम चरण लॉटरी से चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश के बाद शेष रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे।जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशानुसार फिर से आवेदन पत्र आमंत्रित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इच्छुक आवेदक 25 जून तक विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### अस्पताल स्टाफ से दुर्व्यवहार दो आरोपी जेल दाखिल


**डौंडीलोहारा।** नगर के अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे दो लोगों ने अस्पताल स्टॉफ के साथ दुर्व्यवहार व बत्तमीजी की। अस्पताल स्टॉफ की सूचना पर पुलिस ने दोनों ही व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। टीआई एलपी जायसवाल व एएसआई धनेलिया ने बताया कि सोमवार की रात्रि साढ़े दस बजे ग्राम चिल्हाटीकला निवासी महेंद्र कुमार 22 वर्ष व ग्राम रेंगनी निवासी सोमप्रकाश ठाकुर 21 वर्ष नशे की हालत में इलाज के लिए पहुंचे। स्टाफ से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ने अस्पताल स्टॉफ के साथ बदतमीजी की। समझाईश के बाद भी दोनों नहीं माने तो अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### छज्जा गिरने से तीन मजदूर घायल

**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र भिलाई स्थित एक बंद पड़ी सरोजा इंडस्ट्री में निर्माण कार्य के दौरान छज्जा गिरने से तीन मजदूर घायल हो गए है। जिनमें एक मजदूर को गंभीर चोटे आई है। जामुल थाना प्रभारी केशव कोसल ने बताया कि छावनी चौक में एसएस हॉस्पिटल के पीछे कई सालों से बंद पड़ी एक लाइट इंडस्ट्री स्थित है।

## निधन

### चिंताराम सिन्हा



**साजा।** शहर के वरिष्ठ नागरिक चिंताराम सिन्हा का मंगलवार को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को साजा में किया जाएगा। वे अशोक सिन्हा संतोष सिन्हा के पिताजी व चंद्र प्रकाश के दादा जी थे।

# कम उत्पादन के बाद भी पूरी हो रही सप्लाई, दूध की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अमूमन देखने को मिलता है कि गर्मी के मौसम में दूध का उत्पादन अपेक्षाकृत कम हो जाता है, परंतु बेमेतरा जिले में भीषण गर्मी के बावजूद दूध के उत्पादन और सप्लाई में कहीं कोई कमी देखने को नहीं मिल रही है बल्कि शादी विवाह जैसे दूसरे आयोजनों में भी मांग के अनुरूप दूध विक्रेताओं द्वारा उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से खुला दूध उपलब्ध करा दिया जा रहा है। वहीं, स्थिति परिस्थिति को देखते हुए यह एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर विपरीत मौसम में भी खुला दूध बेचने वाले इन विक्रेताओं के पास इतनी बड़ी मात्रा में दूध कहां से आ रहा है। वहीं, इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जिस दूध को दूध विक्रेता गांव-गांव से लाकर जिला मुख्यालय सहित जिले के शहरी क्षेत्रों में खपा रहे हैं, क्या वह गुणवत्ता के मापदंडों पर खरा है। वहीं, यह अफसोस और हैरानी की बात है कि सीधे लोगों के स्वास्थ्य पर जुड़े होने के बावजूद जिले के संबंधित विभाग ने कभी इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश नहीं की। गौरतलब हो कि जिला मुख्यालय सहित साजा बेरला, नवागढ़ ,थान खमरिया जैसे शहरी क्षेत्रों में खुले दूध की खासी मांग है। मांग को देखते हुए दूध के व्यवसाय से जुड़े लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

■ दूध की गुणवत्ता की जांच की उठने लगी मांग

## जिले में दूध के उत्पादन व मांग के बीच बड़ा अंतर

### अधिक दाम में बेच रहे दूध

पहले सिर्फ गांव के लोग दूध लाकर सीधे उपभोक्ताओं को बेचते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। इन दूध विक्रेताओं में से अधिकांश अपना दूध होटल या फिर डेयरी संचालकों को थोक में देने लगे हैं। एक अनुमान के मुताबिक जिला मुख्यालय बेमेतरा में दर्जनभर डेयरी संचालक हैं, परंतु एक या दो को छोड़कर किसी भी डेयरी संचालकों के पास दुधारू मवेशी नहीं हैं। डेयरी संचालक गांव वालों से थोक में उच्च क्वालिटी का दूध खरीदते हैं और बाद में उसे मनमाने दामों में फुटकर उपभोक्ताओं को बेचते हैं।



### दूध की मात्रा आखिर कैसे बढ़ाई जाती है

बताया जाता है कि दूध को दोगुना बनाने तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दूध की मात्रा बढ़ाने उसमें अमेरिकन पाउडर, खसखस का बुरादा, दूध पाउडर आदि मिलाया जाता है। दूध विक्रेताओं के इस हुनर को गांव के दूध विक्रेताओं ने भी सीख लिया है और वह भी दूध में मिलावट करने लगे हैं। गांव के यह दूधवाले तो डेयरी संचालकों से भी एक कदम आगे निकल गए हैं। खबर मिली है कि इन्होंने अपना दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए ग्रामीण अंचलों में डेरा डाले राजस्थानी मवेशी पालकों से संपर्क साध लिया है। उनसे ऊंट व भेड़ का गाढ़ा दूध खरीद कर उसे गाय व भैंस के दूध के साथ पानी मिलाकर खपा रहे हैं। दूध विक्रेताओं के इन हथकंडो से उनका मुनाफा कई गुना बढ़ गया है, लेकिन यह दूध उपभोक्ताओं के लिए कितना हानिकारक है यह जांच का विषय है।

## आयोजन : चार दिवसीय कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया महेश नवमी पर्व, हुए विविध कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्थानीय माहेश्वरी समाज की ओर से आयोजित महेश नवमी महोत्सव का समापन हुआ। 4 दिवसीय आयोजन में समाज के तीनों संगठनों माहेश्वरी सभा, युवा व महिला संगठन के पदाधिकारी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। आयोजन का शुभारंभ रक्त दानशिविर से किया गया।

पूरे चार दिवसीय महोत्सव के दौरान अतिथियों ने महेश्वरी समाज के इस आयोजन की सराहना की। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें जल सेवा, गौ सेवा, स्वास्थ्य शिविर व रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 यूनिट रक्त दान किया गया, इसमें स्वास्थ विभाग का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण साथ ही महिला संगठन द्वारा मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, डांस, फैंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं का एवं धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का पुरस्कार देकर सम्मानित किए। सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू विधायक, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष छ ग प्रदेश माहेश्वरी सभा रमेश केला , कचरूमलजी भट्टर ,देव रतन तापड़िया दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष ,महिला संगठन राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य सुनीता चांडक, प्रदेश प्रभारी महिला संगठन निधि झंवर दुर्ग व करण बूब रायपुर प्रदेश युवा संगठन प्रभारी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीरज जी चांडक के उपस्थिति में संपन्न हुआ । प्रतिभा सम्मान समारोह व पुरुस्कार वितरण समारोह के पूर्व विधायक दीपेश साहू का शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया । इसके अलावा बेमेतरा नगर के सहयोग संस्था एवं श्री राम रसोई संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों एवं माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ अनिल माहेश्वरी ( सोनी) प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहीं माहेश्वरी समाज के भीखमचंद मूंदड़ा की पत्नी स्वरूपी ने अपने नेत्रदान की सहर्ष घोषणा करी उनकी इस घोषणा पर उपस्थित जनों ने उनका अभिनंदन किया ।



### प्रतिभाओं के सम्मान से नई पीढ़ी को दिया संदेश

युवा सभा संगठन के अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी बंटी चाचा ने बताया कि 4 दिवसीय सफल आयोजन के लिए प्रदेश से आए अतिथियों ने सराहना करते हुए कहा कि बेमेतरा माहेश्वरी समाज ने अपने आयोजन से समाज की सभी प्रतिभा को उपयुक्त अवसर प्रदान कर उन्हें सम्मानित कर आने वाले नई पीढ़ी को संदेश दिया है। सभी अतिथियों ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा की बहुत ही सुव्यवस्थित रूप से सभी कार्यक्रम मे सभी वर्ग ने अपनी सहभागिता से आयोजन को सफल बनाया ।

### पूरे महोत्सव के दौरान हुए विविध कार्यक्रम

बता दें कि जिला मुख्यालय पर महेश नवमी के उपलक्ष्य पर प्रभात फेरी, भगवान महेश जी की पूजा अभिषेक व महेश ध्वज फहराया गया, साथ ही फल वितरण, शरबत वितरण कर नगर में बाइक रैली के पश्चात शाम को श्री बाबा रामदेव जी, शिव जी, हनुमान जी मंदिर में आरती कर इस आयोजन को पूर्ण किया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अरुण राठी ने कहा कि 4 दिवसीय आयोजन को एक उत्सव के रूप मे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सभी वर्ग की सहभागिता व माहेश्वरी युवा संगठन के ऊर्जावान अध्यक्ष दिलीप बंटी चाचा व महिला संगठन की पूरी टीम को जिन्होंने हमारे मूल मंत्र सेवा त्याग सदाचार की भावना से आयोजन को सफल बनाया ।

### माहेश्वरी समाज की रोजगार निर्माण में अहम भूमिका : दीपेश

मुख्य अतिथि के विधायक दीपेश साहू ने कहा कि माहेश्वरी समाज संख्या बल में कम जरूर है, लेकिन सशक्त सुदृढ़ स्वावलंबी समाज है जो हमेशा जनकल्याण व धार्मिक आयोजन के साथ रोजगार निर्माण में अहम भूमिका का निर्वाह करता है। उन्होंने कहा कि हमेशा आपके परिवार के सदस्य की तरह आपके साथ खड़ा रहूंगा । रमेश केला ने इस दौरान महेश संकल्प पत्र का वाचन करते हुए कहा कि पिछले दो दिनों से बेमेतरा समाज का प्रेम सम्मान सक्रियता और सामंजस्य को देख कर मैं अभीभूत हो गया हूं। उन्होंने समाज की ज्वलंत समस्या विवाह में हो रहे विलंब एवं समाज की घटती जनसंख्या के लिए अपनी चिंता व्यक्त करते हुए इस पर विचार किए जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन स्मिता लखोटिया एवं माहेश्वरी सभा के सचिव चंद्र प्रकाश मूंदड़ा ने किया। उपस्थित सभी अतिथियों आमंत्रित सभी सामाजिक गण एवं पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी का आभार व्यक्त किया।

# व्यवसायिक परिसर में न पेशाबघर, न शौचालय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मोदी सरकार की स्वच्छ भारत योजना और खुले में शौचमुक्त नगर बनाने की कवायद के बीच एक-एक कर लगभग नवागढ़ के सभी वार्डों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है। लेकिन नवागढ़ मुख्यालय के गौरवपथ व्यवसायिक परिसर एवं मुख्य बाजार में अब तक एक भी शौचालय या यूरिनल की सुविधा नहीं दी गई है। इसके चलते खरीदारी करने आए लोगों एवं दुकानदारों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। पुरुष तो इधर-उधर पेशाब कर लेते हैं लेकिन महिलाओं को सबसे अधिक फजीहत झेलनी पड़ती है। जरूरत है गौरवपथ के व्यापारिक परिसर एवं मार्केट में सार्वजनिक शौचालय बनाने की। इससे बाजार का इलाका भी साफ-सुथरा रहेगा। आबादी के अनुसार हरेक 500 मीटर पर एक दो यूरिनल व शौचालय वैसे भी रहने चाहिए। बस स्टैंड के पास पहले से एक शौचालय बना हुआ है लेकिन उसकी खस्ताहाल स्थिति के कारण वह ज्यादा उपयोग में नहीं आता है। शहर में कुछ जगह जो यूरिनल लगे है वह गंदगी से पटा रहता है। देख कर लगता है कि अभी सफाई हुई ही नहीं है।

■ नवागढ़ मुख्यालय में प्रसाधन की कमी ने बढ़ाई लोगों की समस्या

**यात्री खुले में पेशाब करने को विवश:** नवागढ़ से होकर प्रतिदिन रायपुर,बिलासपुर, दुर्ग, कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, भाठापारा सहित बनारस, प्रयागराज, नागपुर, पुणे, हैदराबाद आदि के लिए रात-दिन वाहनों का आवागमन होते रहता है। मुख्य बाजार सहित बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को खुले में शौच या पेशाब करना पड़ता है। हालत यह है कि नवागढ़ नगर के कई सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही है। लेकिन इस पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का बिल्कुल ध्यान नहीं जा रहा है।

### स्थानीय व्यवसायी और बाजार आने वाले लोग भी परेशान

नवागढ़ शहर व्यापारिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यहां प्रतिदिन लाखों का कारोबार होता है। बाजार में कपड़ा, सोना, चांदी, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक, होटल सहित सभी प्रकार की दुकानें मौजूद हैं। आसपास के दर्जनों गांव के हजारों लोग प्रतिदिन विभिन्न सामानों की खरीददारी के लिए बाजार आते-जाते रहते हैं। लेकिन मेन चौक से लेकर बसस्टैंड तक गौरवपथ व्यापसायिक कॉम्प्लेक्स एरिया में एक अदद सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल नहीं रहने से लोगों को भारी दिक्कत होती है। मजबूरन लोगों को परिसर के पीछे छोइहा नाला नहर के ऊपर सड़क पर खुले में पेशाब करना पड़ रहा है, जिसके चलते शहर में गंदगी दिन-दिन बढ़ती जा रही है।

# खिलोरा की शिक्षिका सुचिता ने डाइट बेमेतरा को भेंट किया वाटर कूलर



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा की नवाचारी शिक्षिका सुचिता निषाद ने जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र डाइट बेमेतरा को 45000 रुपये का वाटर कूलर भेंट कर एक अत्यंत सुंदर और अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे को एक वाटर कूलर सप्रेम भेंट की, ताकि डाइट में पढ़ने वाले छात्र अध्यापकों और प्रशिक्षण में आने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को बेहतर पेयजल उपलब्ध हो सके। संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने उनके इस अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के पुनीत कार्य से शिक्षक की गरिमा और बढ़ जाती है। डाइट के इतिहास में यह दूसरी बार है जब किसी ने डाइट को इस तरह की भेंट दी है। इसके लिए उन्होंने शिक्षिका का डाइट परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। शिक्षिका सुचिता निषाद ने कहा कि मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है कि डाइट के लिए मैं कुछ कर सकी हूं। मेरे मन में इस तरह से परोपकार रूपी कार्य करने की अतः प्रेरणा मेरे माता-पिता, मेरे ईष्ट मित्रों एवं गुरुजनों तथा डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से ही यह संभव हो सका है। वहीं, डाइट की ओर से शिक्षिका सुचिता का शॉल, श्रीफल और गिफ्ट भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे, अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, पूनम पांडेय, सरस्वती साहू, योगेश शर्मा सहित सभी डाइट परिवार उपस्थित थे।

# मुस्लिम समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाई बकरीद



**नवागढ़।** मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-अजहा यानि बकरीद सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। नवागढ़ नगर में ईद-उल-फितर के बाद मुस्लिम समुदाय के दूसरे सबसे मुख्य त्योहार पर सुबह से ही मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए लोग जुटे। बुजुर्गों और अभिभावकों के साथ बच्चे भी पहुँचे थे।

नमाज के बाद मुल्क में अमन, चैन के साथ प्रदेश में अच्छी बारिश, शहर में सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने और कुर्बानी को कुबूल करने की दुआ मांगी गई। इसके बाद मुस्लिम घरों में खुदा की राह में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। खासतौर पर बच्चों में पर्व का उत्साह देखते ही बना, नए परिधानों में सजे मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं सोशल नेटवर्क पर पर्व की बधाई देने का दौर शुरू हुआ। ईमाम सलमान रज़ा ने कहा कि बकरीद का तात्पर्य सिर्फ कुर्बानी देना ही नहीं है, बल्कि अल्लाह ताला एवं खुदा के समक्ष अपनी अजीज इच्छाओं एवं भावनाओं को समर्पण करने का पर्व है। लोग हजरत इब्राहिम की कुर्बानियों का अपने जीवन में अमल करें। जिसने खुदा के समक्ष अपने एकलौते पुत्र की कुर्बानी देकर दुनिया को त्याग और बलिदान का संदेश दिया था। समाज के हर वर्ग की खुशहाली के लिए काम करने का संकल्प लें। नमाज अदा करने के दौरान सदर हीरू खान, नायब सदर इस्माईल खान, जिब्राइल खान, उस्मान खान, हनीफ खान, रसीद खान, यासीन खान, जलील खान,जियाउल खान, जमाल कुरैशी, वसीम खान, कादर खान,शहजादा खान, लतीफ खान, रफीक खान, वाजिद बेग, गुलाम मुस्तफा, मोहसिन खान, जुनैद खान सहित समाजिक जन उपस्थित रहे।

## कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर ने की फरियादियों से मुलाकात

# मांगों व समस्याओं को लेकर जनदर्शन में पहुंचे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर के दृष्टि-सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल के दौरान जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की मांग, शिकायत एवं समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 41 आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने सभी लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार आवेदकों के समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।



जनचौपाल में ग्राम दमई के ग्रामीणों ने ग्राम दमई से सण्डी तक पहुंच मार्ग बनाये जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। नगर पंचायत बेरला निवासी ढालसिंह कुर्रे ने मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत दुकान आवंटन में हो रहे परेशानियों को दूर करने के संबंध में आवेदन दिया। वार्ड नं. 15 नया पारा बेमेतरा निवासी लता यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त की राषि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत की। ग्राम परसबोड़ निवासी दिव्यांग बलराम गोयल ने बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान करने के लिए आवेदन किया। ग्राम भेड़नी निवासी सनत कुमार साहू ने सीमांकन कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम बारगांव निवासी भुनेष्वरी एवं चंद्रप्रकाष देवांगन ने 2018-19 में पाहंदा-बारगांव एवं खुड़मुड़ा रोड चौड़ीकरण के दौरान मकान टुटने एवं जमीन का मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। ग्राम मौहाभाठा निवासी दानीराम साहू ने जमीन का नक्षा सुधार कराने हेतु आवेदन दिया।

### फर्जी मस्टर रोल भरने की शिकायत

ग्राम खाम्ही निवासी बीजे बाई ने मनरेगा मजदूरी की राशि दिलाने एवं फर्जी मस्टर रोल भरने पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर आवेदन दिया। ग्राम पंचायत कांवराकापा निवासी आनंद जांगड़े ने खेत में झुके हुए खम्भे और तार को ठीक कराने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम खरहरी निवासी रोहित पाटले ने गांव के तालाब का समतलीकरण कराये जाने हेतु आवेदन दिया। इसके अलावा आज के जनचौपाल में किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, विद्युत ट्रांसफार्मर एवं तार लगाने हेतु आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

